an>

Title: Need to do away with the practice of imposing charges on Railway Employees for celebrating anniversary of Dr. Bhimrao Ambedkar.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : सभापति महोदय, मेरी सीट बहुत पीछे है। कृपया मुझे यहां से बोलने की अनुमति दीजिए।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: All right.

श्री विनोद कुमार सोनकर: प्रधान मंत्री जी के कुशल निर्देशन में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं वर्षगांठ वृहद रूप से सम्पूर्ण राष्ट्र द्वारा मनाई जा रही है तथा बाबा साहब के सपनों के अनुरूप एक विकसित भारत का निर्माण किया जा रहा है। बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थ स्थानों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्माण किया जा रहा है। बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा लेकर माननीय प्रधान मंत्री जी समाज व देश के लिए हर संभव कार्य कर रहे हैं। परन्तु मुझे बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि बाबा साहब के नाम पर वोट लेने वाली, राजनीति करने वाली तथा दलितों की हितैषी कहने वाली पार्टी कांग्रेस द्वारा बाबा साहब के सम्मान में नीति बनाई गई है कि दलित कर्मचारियों द्वारा रेलवे परिसर में बाबा साहब की जन्म जयन्ती व परिनिर्वाण दिवस मनाने पर 2661 रुपये शुल्क जमा कराया जाता है। लेकिन उसी रेलवे परिसर में अन्य महापुरुषों की जयन्ती मनाने पर कोई शुल्क नहीं है। यही कांग्रेस की अब तक बाबा साहब एवं दलितों के प्रति सोच व सम्मान है। जो पार्टी बाबा साहब के कार्यक्रम के आयोजन पर शुल्क लगा सकती है, वह दलितों की हितैषी कैसे हो सकती है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Try to conclude.

श्री विनोद कुमार सोनकर: मैं आपके माध्यम से रेलवे में कार्यरत साढ़े तीन लाख अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों की ओर से माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र अनुरोध करता हूं कि रेलवे परिसर में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती व परिनिर्वाण दिवस का कार्यक्रम रेल कर्मचारियों द्वारा आयोजित करने पर पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए शुल्क जमा करने के नियम को समाप्त किया जाए जिससे बाबा साहब की जयन्ती व परिनिर्वाण दिवस का कार्यक्रम रेलवे कर्मचारियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON :

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Vinod Kumar Sonkar.